## एक नजर में

### कुक्षी विधानसभा में विद्युत समस्या समाधान व नवीन स्वीकृत ग्रिड के शीघ्र कार्य प्रारंभ को लेकर भाजपा का प्रतिनिमण्डल विधुत विभाग के डी.ई. से मिला



**कुक्षी**– कुक्षी नगर सहित विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक क्षेत्र में भीषण गर्मी व बेमौसम बरसात के दौरान लगातार बढ़ती जा रही बिजली समस्या ,वोल्टेज की समस्या अघोषित विद्युत कटौती,नवीन स्वीकृत ग्रिड का चयनित स्थल पर अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ करवाने आदि समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि मंडल आज दोपहर कुक्षी स्थित मध्य प्रदेश विद्युत वितरण क्षेत्र कुक्षी के कार्यालय पहुंचकर विभाग के कार्यपालन यंत्री डी.के. छिपा साहब से मिला और भीषण गर्मी में जनमानस को राहत प्रदान करने को लेकर चर्चा की। इस दौरान विभाग के कार्यपालन यंत्री से अघोषित विद्युत कटौती,वोल्टेज की कमी,बेमौसम बारिश और हवा चलने के दौरान क्षेत्र में विद्युत कटौती जैसे अनेक मुद्दे पर बात कर अतिशीघ्र समस्या के समाधान व स्थायी समाधान को लेकर विस्तार से सवांद किया।इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष श्री युवराज सेप्टा,पूर्व नप उपाध्यक्ष श्री लोकेश पाटिदार,श्री महेंद्र सेप्टा,श्री पूनम कसेरा,महामंत्री श्री कंन्हेयालाल पाटिदार,पार्षद श्री संजय सिर्वी,श्री गौरव पाटिदार,श्री हर्षित मुकाती,विकास राठौ?,सहित संगठन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### माही नदी गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण एवं कम्युनिटी हॉल की मिली सौगात



**सरदारपुर ।** क्षैत्र की प्रसिध्द माही नदी के गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण एवं नगर मे कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए विधायक प्रताप ग्रेवाल के विशेष प्रयासो से राशि की स्वीकृती मिली है। जिसमे माही नदी गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण के लिए 20 लाख रूपये एवं कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए 30 लाख रूपये की सौगात मिली है। नगर परिषद् चुनाव मे विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा नगर की जनता से माही नदी के गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण एवं कम्युनिटी हॉल निर्माण का वादा किया गया था जिसे विधायक ग्रेवाल द्वारा पूरा किया जा रहा है। नगर मे कम्युनिटी हाल निर्माण से नागरिको को सामाजिक, धार्मिक एवं मांगलिक कार्यो मे सुविधा मिलेगी तो वही माही नदी का गहरीकरण होने से माही नदी मे अधिक जल संग्रह होगा जिसका लाभ किसानो एवं नागरिको को मिलेगा। नगर को महत्वपूर्ण सौगात मिलने पर न.प. अध्यक्ष मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, प्रमोदराज जैन, पूर्व न.प. अध्यक्ष ब्रजेश ग्रेवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, मण्डलम अध्यक्ष अम्बर गर्ग, वरिष्ठ नेता अंसार खान, युवक कांग्रेस अध्यक्ष विक्की यादव, पार्षद संजय जायसवाल, दिनेश यादव, भावना सावन भैरवे, रेशमा परवेज लोदी, अमरसिंह सोनेर, नीरज कटारे, कोमल नरेन्द्र पारगी आदि ने विधायक प्रताप ग्रेवाल का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

### दिल्ली में बारिश से 180 उड़ानें प्रभावित

इंदौर. दिल्ली में तेज बारिश और तूफानी हवाओं के चलते हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ. राजधानी में 180 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं, जिनमें से 49 को निरस्त और 40 से ज्यादा को डायवर्ट किया. बाकी उड़ानें घंटों लेट रहीं, इसका असर इंदौर की उड़ानों पर भी पड़ा. इंडिगो की नियमित उड़ान 6 ई-2169/6972, जो रात 9.10 बजे दिल्ली से इंदौर आती और 9.45 बजे वापस दिल्ली जाती, मौसम के कारण निरस्त कर दी गई. इससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई और उन्होंने एयरपोर्ट पर हंगामा भी किया. यात्रियों का कहना था कि उड़ान को रीशेड्यूल किया जा सकता था. लेकिन एयरलाइन कर्मियों ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय मुख्यालय से लिया है. यात्रियों को रिफंड और अगली फ्लाइट में रीबुकिंग का विकल्प दिया. कुछ समय बाद यात्री शांत हुए और अगली सुबह रवाना हुए. खराब मौसम के चलते दिल्ली और दिल्ली होकर आने-जाने वाली 10 से अधिक उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित रहीं. इनमें जयपुर, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता सहित कई शहरों की फ्लाइट शामिल थीं. फ्लाइट लेट होने से यात्रियों को एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ा.

### जिलाबदर होते ही भागा था बदमाश, पुलिस ने दबोचा

इंदौर. जूनी इंदौर पुलिस ने एक ऐसे सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो जिलाबदर का आदेश जारी होते ही फरार हो गया था. पुलिस ने न सिर्फ उसे पकड़कर आदेश की प्रति सौंपी, बल्कि इलाके में मुनादी कर बदमाश के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मोहल्ले वालों को भी दी. एसीपी देवेंद्र धुर्वे ने बताया कि बीके हरिजन कॉलोनी निवासी धनराज उर्फ धन्नू पिता शेरू दौड़िये के खिलाफ लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी. पुलिस कमिश्नर के न्यायालय में प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर उसे 26 जुलाई 2024 को छह माह के लिए इंदौर सहित आसपास के पांच जिलों की सीमा से निष्कासित करने का आदेश जारी किया था. आदेश मिलते ही आरोपी फरार हो गया था. जूनी इंदौर पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी. कल उसे पकड़कर न सिर्फ जिलाबदर आदेश पढ़कर सुनाया, बल्कि रहवासी क्षेत्र में मुनादी कर आम जनता को भी बताया कि बदमाश के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा चुकी है. आरोपी को इंदौर, धार, देवास, उज्जैन और खरगोन की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित किया है और उसे सख्ती से पालन करने की हिदायत दी है.

### पार्षद के भतीजे के घर शंका में घुस आए लोग

इंदौर. गौतमपुरा में भाजपा पार्षद अभय भाटी के भतीजे पप्पू सिंह के घर अचानक करीब 20 लोग अवैध शराब की शंका में घुस आए. जब मोहल्ले के लोग इस दौरान जमा होकर उन्हें घेरने लगे, तो वे डरकर भाग निकले. शिवा बाबा ग्रुप के लोगों ने पप्पू के घर दबिश दी, लेकिन कुछ भी बरामद नहीं हुआ. दबिश देने वालों को देखकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने उन्हें घेर लिया. आरोप है कि यह विवाद वैध और अवैध शराब के कारोबार को लेकर चल रहा है. पार्षद अभय भाटी ने इस मामले की शिकायत स्थानीय थाने में की है. पुलिस को जानकारी मिली है कि गौतमपुरा क्षेत्र में अवैध शराब की सप्लाई करने वाले अलोक, राजकुमार, नितिन, अनिल समेत कई नाम शामिल हैं. पिछले दिनों भी इसी मामले को लेकर क्षेत्र में कई बार विवाद और पुलिस कार्रवाई हो चुकी है, इस बार भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है.

### कोदरिया में बाइक हादसा, युवक की मौत

इंदौर. महू कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोदरिया में दो बाइकों की टक्कर में 21 वर्षीय युवक बालकृष्ण की मौत हो गई. घटना में दूसरी बाइक पर सवार एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है. मोहल्ला प्रभारी राहुल शर्मा ने पुलिस को बताया कि बालकृष्ण की बाइक को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मारी, जिससे बालकृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महू भेज दिया है, घायल युवक का इलाज जारी है. घटना की जांच शुरू कर दी गई है.





## डही में करीब 12 माह से दैनिक वेतन कर्मचारी, अंश कालीन कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं

**धार.** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा धार के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि जन जाति विभाग धार के अंतर्गत कार्यरत छात्रावास आश्रम स्कूल इत्यादि में बजट का अभाव बता कर विकास खंड शिक्षा अधिकारी डही में करीब 12 माह से ज्यादा हो जाने के बाद भी वेतन का भुगतान दैनिक वेतन कर्मचारी, अंश कालीन कर्मचारियों को नहीं किया जा रहा है। इस से कर्मचारी संघ में काफी रोष व्यक्त करते समस्त कर्मचारी में आक्रोश व्याप्त हे कर्मचारियों का हित ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा धार के नेतृत्व में दिनांक 26 मई 2025 को विकासखंड शिक्षा का डही में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बताया कि हमारे कर्मचारियों को समय पर भुगतान नहीं किया वेतन का तो यह संघ अपनी अगली रणनीति के तहत जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर श्री मान कलेक्टर महोदय एवम् श्री मान सहायक आयुक्त महोदय श्री मान श्रम अधिकारी महोदय को विशाल रैली निकाल कर एक एक ज्ञापन दिया जाएगा और श्रम अधिकारी महोदय महोदय से यह ज्ञापन के द्वारा बताए जाएगा कि वेतन का भुगतान प्रति माह नहीं होना क्या श्रम आयुक्त महोदय इस वेतन के लिए कुछ कार्रवाई करेगा।

संघ जिला अध्यक्ष डी डी बैरागी ने स्पष्ट शब्दों में कल के धरना आंदोलन में यह बात बताई गई है यदि आप हमारे कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन भुगतान संबंधित कार्रवाई से वंचित रखते हैं तो यह संघ कर्मचारी हित में ठोस कदम उठाते हुए कर्मचारियों को प्रतिमा वेतन दिलाने में पूरा सहयोग करेगा मात्र आवंटन का अभाव बता करके कर्मचारियों के परिवार के साथ नन्हे नन्हे बच्चों के साथ जो कार्य आर्थिकता के बीच में डालने का किया जा रहा है संगठन अपना शासन की इस कार्य का घोर निंदा करते हुए श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय धार श्रीमान सहायक आयुक्त महोदय से निवेदन करता है कि आप हमारे कर्मचारियों को किसी भी परिस्थिति को देखते हुए प्रतिमाह वेतन भुगतान संबंधित आदेश जारी करवाई ताकि कर्मचारी अपने परिवार का भरण पोषण उचित माध्यम से कर सके निंदा का विषय यह भी है की सभी कर्मचारियों को प्रतिमा वेतन का भुगतान किया जाना सिर्फ दैनिक वेतन एवं अंशकालीन को ही बजट का अभाव पता करके एक-एक वर्ष तक का भुगतान से वंचित रखा जाना जो कि न्याय उचित नहीं है और डही ही विकासखंड में तो इतना लंबा समय हो चुका है परंतु यह स्थिति पूरे जिले की बनी हुई है कि कहीं 6 माह कहीं 4 माह आदि का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है अतः संगठन की ओर से जिला कार्यवाहक अध्यक्ष हीरालाल उपाध्याय जिला संगठन मंत्री बाबूलाल चौहान, जिला कोषाध्यक्ष संजय निर्मल जिला उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा ,नारायण दायमा ,जिला सचिव धर्मेंद्र बिरले महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मंजुला मंडलोई, दीपा लाल सोलंकी ,सागर बाई सिसोदिया, राधेश्याम मकवाना ,कैलाश बघेल दिनेश परिहार,कमलेश, सुखलाल भिड़े, राधेश्याम पटेल मनावर,आदि कर्मचारी नेताओं ने बताया की संगठन अब इन सभी कर्मचारियों को वेतन विषय मांग को लेकर जिला स्तर पर धरना आंदोलन की तैयारी कर रहा है उक्त जानकारी मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा धार के अध्यक्ष एवम् प्रदेश संगठन सचिव डी डी बैरागी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी।







## नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा निकाली

### कोटेश्वर घाट पर किया श्रमदान

**कुक्षी।** प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नर्मदा नदी के किनारे 5 विकासखंडों में नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा 25 से 31 मई तक आयोजित की जा रही है। निसरपुर में भी इस यात्रा का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री नवनीत रत्नाकर जी के नेतृत्व में यात्रा दल का स्वागत डेहर के मव?ीपूरा में ब्लाक समन्वयक उदयसिंह आइडिया यात्रा प्रभारीरमेश पिराग पाटीदार, यात्रा सह प्रभारी श्री धुरजी सिपाई, राधा बघेल द्वारा किया गया।
साथ ही ग्राम डेहर के अंबिका मंदिर में चौपाल का आयोजन कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात डेहर के निरुत्फला शक्ति टेकडी अवधूत धाम में संत श्री के साथ बैठक की गई। दल द्वारा रात्रि विश्राम कोटेश्वर धाम के संत श्री दगडू जी अखंड राम धुन आश्रम में किया गया।

यात्रा दल द्वारा सर्वेक्षण यात्रा का शुभारंभ कोटेश्वर घाट पर श्रमदान से किया गया। यात्रा में विकासखंड की नवांकुर समिति नवादपुरा,पिपल्या, लोणी, करौंदिया एवं दोगावा का सराहनीय सहयोग रहा।

संपूर्ण यात्रा में स्थानीय संत, ग्रामीण जन सिएमसीएलडिपी अभ्यर्थियों के साथ कैलाश सोलंकी , पारस बरफा, लोकेश पाटीदार, योगेश मंडलोई, किरण बर्फा नें भी सहभागिता निभाई। यात्रा ने ग्राम बोधवाडा से मनावर विकासखंड के सिरसी ग्राम में प्रवेश किया।

## सरदारपुर - एसडीएम कार्यालय पर हुई तहसील स्तरीय जनसुनवाई ,एसडीएम ने सुनी आवेदकों की समस्या

**सरदारपुर।** एसडीएम कार्यालय पर मंगलवार को तहसील स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन हुआ। जन सुनवाई में सरदारपुर एसडीएम आशा परमार ने आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा सम्बंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जन सुनवाई में कुल 14 आवेदन आए। जिनमे पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, सरदारपुर-भोपावर मार्ग निर्माण कार्य में हो रहें विलंब को लेकर, शासकीय शिक्षक दंपति द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबध में तथा ग्राम टीमायची से लिमडीपा?ा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मार्ग बदलने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। सरदारपुर एसडीएम आशा परमार ने जन सुनवाई के दौरान पूर्व में आए आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनाई में तहसीलदार मुकेश बामनिया, नायब तहसीलदार केएस वास्केल, राजगढ नगर परिषद सीएमओ आरती नरवाल, सरदारपुर सीएमओ यशवंत शुक्ला, बीआरसी बीएस भंवर, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश बर्मन सहित अन्य विभागों से अधिकारी मौजूद रहें।



## हेल्थ केयर की छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**बाकानेर**-शासकीय सीएम राइस विद्यालय बाकानेर में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग चल रही हैं जिसमें हेल्थ केयर की छात्राओं की ट्रेनिंग सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाकानेर में करवाई जा रही है संस्था प्राचार्य श्रीमती अनीता सोनी ने बताया कि यह ट्रेनिंग विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शुरु की गई है। अस्पताल के कार्य जैसे रक्त चाप, ड्रेसिंग, इंजेक्शन वार्ड, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, हैंड वॉशिंग का महत्त्व, ओपीडी, आईपीडी, लेब,× ह्न्ड्ड4 विभाग, मैटरनिटी वॉर्ड,ह्त्र्क्ष्ट विभाग,मरीज देखभाल आदि की ट्रेनिंग दी जा रही हैं जिससे भविष्य में नौकरी के दौरान लाभ मिलेगा। बीएमओ सर कुलदीप कुमार नाग , डॉ वीरेन्द्र सिंह धार्वे एवं समस्त अस्पताल स्टाफ का पूर्ण सहयोग मिला। *FACE PVT. LTD. Rewa* एवं व्यावसायिक प्रशिक शबनम कुरैशी ने लाभान्वित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अमलाल गांव में 'मस्ती की पाठशाला– बच्चों के समग्र विकास की नई पहल

**डही।** विकासखंड डही के ग्राम अमलाल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 'मस्ती की पाठशाला' का सफल संचालन किया जा रहा है। इस नवाचारपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व सामुदायिक युवा नेतृत्वकर्ता श्रीमती संजु बघेल द्वारा किया जा रहा है, जो बच्चों को जीवन कौशल, सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता से जोड़ते हुए प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं।इस विशेष प्रशिक्षण में बच्चों को सूखे पत्तों से आकृति, 'बीज से जीवन', प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, हस्तशिल्प एवं लोककला, सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक जागरूकता तथा नागरिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही कहानी कहने की कला, खेल गतिविधियाँ और भावनात्मक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर आधारित गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए संचालित



की जा रही हैं। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डही और कुक्षी विकासखंड की कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती संध्या राजपुरोहित ने बताया कि, फ्इस तरह के प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति और संस्कृति के करीब लाना है, जिससे वे अपनी जड़ों से जुड़कर आत्मनिर्भर, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बन सकें।ग्राम अमलाल के बच्चों और अभिभावकों द्वारा इस पहल को अत्यंत सराहना मिल रही है। यह पाठशाला न केवल बच्चों के लिए सीखने और अभिव्यक्ति का माध्यम बन रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सहभागिता और सृजनशीलता की भावना भी विकसित कर रही है।

ग्रामीण परिवेश में संचालित इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ निश्चित ही शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रही हैं .

एक नजर | निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्या, 70 आवेदन प्राप्त हुए

**मनावर.** मंगलवार को एसडीएम कार्यालय जनसुनवाई में समस्याओं को सुनने के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मनावर पहुंचे। जिसमें मनावर, धरमपुरी, गंधवानी के ग्रामीणों के आवेदनों को सुना गया। जनसुनवाई में लगभग 70 से अधिक महिला एवं पुरुष द्वारा आवेदन प्राप्त हुए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को ही सुना। जिसमें कई प्रकरण का त्वरित निराकरण भी किया। पंचायत कार्यों में भ्रष्टाचार से लेकर एनवीडीए द्वारा लापरवाही तथा जमीन विवादों सहित कई प्रकरण सामने आए।

जनसुनवाई में एक मृत व्यक्ति रशीद पिता शरीफ का भी आवेदन प्राप्त हुआ, जिसकी एक दिन पूर्व ही मौत हुई है। बताया गया कि उसने अपने भूखंड को लेकर धार जनसुनवाई में 4 महीने पहले आवेदन दिया था। आवेदन में बताया था कि उसके पास एनवीडीए द्वारा विधिवत तरीके से दिया भूखण्ड का पट्टा, खसरे में नाम दर्ज ओर मौके पर 17 साल से कब्जा भी है। उसके बाद भी धरमपुरी के उपयंत्री दीपक गंगराड़े




उन्हें कई समय से प्रताड़ित कर रहा था। जिसको लेकर आवेदन लंबे समय से सदमे में था। तनाव के चलते वह 4 महीने बाद बीमार हो गया, 20 दिन बड़े अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों में बताया कि उपयंत्री दीपक गंगराड़े भ्रष्टाचारी अधिकारी है। पुनव.सि के कई भूखण्ड की हेराफेरी कर चुका है। कलेक्टर ने एसडीएम प्रमोद गुर्जर को मामले का संज्ञान लेने एवं प्रकरण का निराकरण करने हेतु निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने बताया..

जनसुनवाई के संबंध में पूछने पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मीडिया को बताया कि धार जिला बहुत बड़ा है और मनावर की धार से दूरी भी अधिक है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लोग शिकायत लेकर धार पहुंच नहीं पाते हैं इसलिए हम स्वयं प्रकरणों को सुनने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं और हमारा यह प्रयास रहेगा कि कम से कम महीने में एक बार मनावर और कुक्षी में जनसुनवाई को सुना जाए। ताकि लोगों को जिला मुख्यालय आने का कष्ट न उठाना पड़े और उनकी समस्या का यही निराकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि हमने आवेदन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है और जल्द ही प्राप्त समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।